सत्यमेव जयते

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय

एवं

बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय

07 मार्च 2025

प्रेरणास्त्रोत एवं मार्गदर्शक

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश एवं कुलाधिपति

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

संरक्षक

प्रो. आनंद कुमार त्यागी

कुलपति

श्रीमती दीप्ति मिश्रा

कुलसचिव

श्री संतोष कुमार शर्मा

वित्त अधिकारी

प्रो. राजेश कुमार मिश्रा

नोडल अधिकारी

पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय एवं

बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय

प्रो. निरंजन सहाय

समन्वयक

पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय एवं

बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय

सदस्य

प्रो. अनुराग कुमार

डॉ. अविनाश कुमार सिंह

विशेष सहयोग

उज्जवल कुमार सिंह

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

कुलगीत

विद्या के सिद्धपीठ जय महान, हे!
जय-जय हे चिर नवीन, चिर पुराण हे!
भारत की भव्य भारती के स्वर तुम!
राष्ट्रभावना के संदेश मुखर तुम!
बलिदानों के गुरुकुल महाप्राण हे!
जय-जय हे चिर नवीन, चिर पुराण हे!
हे अभिनव भारत के भाग्य-विधाता!
कोटि-कोटि जनता के मुक्ति प्रदाता!
जन-गण को करते नेतृत्व-दान हे!
जय-जय हे चिर नवीन, चिर पुराण हे!
ऋषियों की वाणी के तुम व्याख्याता!
नूतन विद्याओं के अनुसंधाता!
आत्मा के शिल्पी संकल्पवान हे!
जय-जय हे चिर नवीन, चिर पुराण हे!
गांधी की गरिमा से ओत-प्रोत तुम!
शिवप्रसाद की विभूति, शक्ति-स्रोत तुम!
तुममें भगवानदास मूर्तिमान हे!
जय-जय हे चिर नवीन, चिर पुराण हे!
कल्पना नरेन्द्रदेव की विराट तुम!
पुण्य भूमि भारत माँ के ललाट तुम!
दे रहे समन्वय का दिव्य ज्ञान हे!
जय-जय हे चिर नवीन, चिर पुराण हे!
इस विद्या-मंदिर की अमर भारती।
राष्ट्रदेवता की कर रही आरती!
ज्योतित हम दीपवर्तिका-समान हे!
जय-जय हे चिर नवीन, चिर पुराण हे!
सत्य अंहिसा के हे दृढ व्रतधारी!
युग-युग तक अटल रहे मूर्ति तुम्हारी!
युग-युग तक विश्व करे कीर्तिगान हे!
जय-जय हे चिर नवीन, चिर पुराण हे!
नभ में लहराये यह पुण्य-पताका!
जिस पर है चित्र टँका भारत माँ का!
शंभु के त्रिशूल-शलाका-प्रमाण हे!
जय-जय हे चिर नवीन, चिर पुराण हे!

अनुक्रमाणिका

क्रम संख्या	विषय – विवरण	पृष्ठ संख्या
1.	कुलगीत	4
2.	अनुक्रमणिका	5
3.	माननीय कुलपति जी का सन्देश	6
4.	कुलसचिव का सन्देश	7
5.	समन्वयक की कलम से	8
6.	महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ (परिचय)	9
7.	प्रस्तावना	11
8.	कार्यक्रम का उद्देश्य	13
9.	कार्यक्रम रिपोर्ट	14
10.	कार्यक्रमों की झलकियाँ	16
11.	जब मैंने पहली निजी पुस्तक ख़रीदी / डॉ. *धर्मवीर भारती*	38
12.	पुस्तकों के लेखन एवं प्रकाशन की दिलचस्प कहानी / प्रो. *निरंजन सहाय, उज्जवल कुमार सिंह*	43

प्रो0 आनन्द कुमार त्यागी
कुलपति
Prof. Anand K. Tyagi
Vice Chancellor

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ
वाराणसी- 221002
Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith
Varanasi - 221002



संदेश

"पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़ें महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय" कार्यक्रम के अवसर पर मैं समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ!

शिक्षा ही किसी राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला होती है। यह पहल न केवल ज्ञानार्जन को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि हमारे विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी।

पढ़ने की संस्कृति वह परंपरा है, जिसमें ज्ञान प्राप्ति के लिए नियमित रूप से पुस्तकों, लेखों और अन्य साहित्यिक सामग्री का अध्ययन किया जाता है। यह न केवल ज्ञानार्जन का माध्यम है, बल्कि सोचने, विश्लेषण करने और नए विचारों को जन्म देने की क्षमता भी विकसित करती है। पढ़ने की आदत से व्यक्ति में भाषा कौशल, तार्किक चिंतन और सृजनात्मकता का विकास होता है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सतत् अध्ययन की आवश्यकता और भी बढ़ गई है, जहाँ नवीनतम जानकारी और अद्यतन ज्ञान सफलता की कुंजी बन गए हैं। पढ़ने की संस्कृति समाज में बौद्धिक जागरूकता फैलाने के साथ–साथ मूल्यबोध, संवेदनशीलता और नैतिक दृष्टिकोण को भी मजबूत करती है। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने आसपास की घटनाओं को गहराई से समझ सकता है और सामाजिक परिवर्तन का संवाहक बन सकता है। डिजिटल युग में जहाँ सतही जानकारी की अधिकता है, वहीं गंभीर अध्ययन की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। इसलिए, विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है ताकि विद्यार्थी केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए पढ़ें और एक जागरूक, सक्षम और जिम्मेदार नागरिक बन राष्ट्र सेवा के विविध अध्यायों को नए अभियानों से संवर्धित करने में सफल हों।

आइए हम सब मिलकर शिक्षा के इस अभियान को सफल बनाएँ, गुणवत्ता एवं नवाचार को अपनाते हुए अपने शिक्षण संस्थानों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँ।

आप सभी के उज्ज्वल भविष्य और विश्वविद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करता हूँ।

मंगलकामनाओं सहित,

(प्रो0 ए0के0 त्यागी) 26/4/25
कुलपति

Tel : +91-542-2225472 (O), 2221268 (R), 2223160(Camp Off.), Fax : 2225472(O), 2221268 (R), e-mail: vcmgkvp@gmail.com

कुलसचिव
Registrar

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ
वाराणसी–221002
Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith
Varanasi-221002
Email : registrarmgkvp@gmail.com

पत्रांक/Ref. **दिनांक/Date.** 26 अप्रैल, 2025

संदेश

महामहिम राज्यपाल माननीया आनंदीबेन पटेल के निर्देश के अनुपालन में तथा माननीय कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी के नेतृत्त्व में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित "पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय" एवं "बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय" कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत है। इस कार्यक्रम ने न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया है, बल्कि यह सामाजिक सशक्तिकरण, ज्ञानवर्धन और समग्र विकास के लिए एक मील का पत्थर भी साबित हुआ। इसके माध्यम से हम विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ–साथ उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनाने के प्रयास में भी सफल हुए।

हमारे विश्वविद्यालय के इस महत्त्वपूर्ण पहल में विद्यार्थियों, शिक्षक/शिक्षिकाओं और सभी कर्मचारियों का योगदान अनमोल था। इस तरह के कार्यक्रम शिक्षा की महत्ता और उसके प्रभाव को सभी के बीच फैलाने का कार्य करते रहेंगे। ये न केवल विश्वविद्यालय के लिए, बल्कि समाज के लिए भी एक सकारात्मक बदलाव लायेंगे, जो दीर्घकालिक विकास को सुनिश्चित करेगा।

मुझे विश्वास है कि कार्यक्रम की स्मृतियों को समर्पित यह पुस्तिका इस आयोजन की सफलता और उसके उद्देश्यों के बारे में अधिक–से–अधिक लोगों तक पहुँचाने में सहायक होगी। इसके माध्यम से हम शिक्षा के प्रति समाज में जागरुकता और उत्साह बढ़ाएँगे, ताकि आने वाले समय में हमारे विद्यार्थी न केवल उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करें, बल्कि समाज के नेतृत्व में भी अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएँ।

मैं इस प्रयास को सफल बनाने के लिए प्रो0 निरंजन सहाय एवं उनकी टीम के साथ ही सभी कर्मचारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देती हूँ। मैं आशा करती हूँ कि विश्वविद्यालय परिवार इसी तरह सामूहिक प्रयत्नों के बल पर सदैव प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहेगा।

(दीप्ति मिश्रा)
कुलसचिव

समन्वयक की कलम से

प्रिय साथियों,

"**पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय**" कार्यक्रम के सफल आयोजन के बाद अब हम एक महत्त्वपूर्ण पहल — इस ऐतिहासिक उपलब्धि को स्मरणीय बनाने हेतु **लघु-पुस्तिका प्रकाशन** की ओर अग्रसर हो रहे हैं। यह पुस्तिका न केवल इस भव्य आयोजन की जीवंत झलक प्रस्तुत करेगी, बल्कि इसमें सम्मिलित अनुभव, उपलब्धियाँ, विचार और भविष्य की योजनाएँ भी प्रकट होंगी। यह हमारे संस्थान की शैक्षणिक और सांस्कृतिक चेतना का एक महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़ बनेगी, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगी।

इस कार्यक्रम का प्रभार देने के लिए हमारा पूरा आयोजन समूह **महामहिम राज्यपाल माननीया आनंदीबेन पटेल, माननीय कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी** एवं **कुलसचिव श्रीमती दीप्ति मिश्रा जी** के प्रति कोटिशः आभार प्रकट करता है।

इस पुस्तिका के माध्यम से हम उन सभी महत्वपूर्ण क्षणों को संजोने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्होंने इस आयोजन को विशेष बनाया। इसमें प्रतिभागी छात्र/छात्राओं, शिक्षक/शिक्षिकाओं, अतिथियों एवं आयोजकों के बहुमूल्य योगदान को भी सम्मानपूर्वक स्थान मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में जो शैक्षणिक उत्साह, नवाचार की भावना और सहभागिता देखने को मिली, वह वास्तव में अभूतपूर्व रही।

यह पुस्तिका न केवल एक यादगार दस्तावेज़ होगी, बल्कि यह हमें हमारे प्रयासों का मूल्यांकन करने, अपनी उपलब्धियों पर गर्व करने और भविष्य के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करने की भी प्रेरणा देगी। यह विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के विकास यात्रा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।

अंत में, मैं समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों और आयोजन समिति के सदस्यों को इस भव्य आयोजन की सफलता हेतु आभारप्रकट करता हूँ। आइए, हम सब मिलकर इस पुस्तिका को एक ऐसी जीवंत धरोहर बनाएँ, जो न केवल आज के प्रयासों को सम्मानित करे, बल्कि आने वाले समय में भी प्रेरणा का स्रोत बनी रहे। इस पुस्तिका के प्रकाशन हेतु बौद्धिक सहभागिता के लिए मैं हिंदी और अन्य भारतीय भाषा विभाग में शोधार्थी **उज्जवल कुमार सिंह**, डॉक्टोरल फेलो, राष्ट्रीय परीक्षण सेवा – भारत, भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के प्रति सहज आत्मीयता का अनुभव कर रहा हूँ।

इसी कार्यक्रम के साथ "नशा मुक्त भारत एवं दहेज़ मुक्त भारत" हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सप्रेम,

प्रो. निरंजन सहाय

समन्वयक

पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के गर्भ से जन्मा एक ऐतिहासिक शिक्षण संस्थान है। उत्तर प्रदेश के वाराणसी नगर में स्थित यह विश्वविद्यालय भारतीय स्वाधीनता संग्राम के मूल्यों, आदर्शों और लक्ष्यों को शिक्षा के माध्यम से व्यापक जन-जीवन तक पहुँचाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। इसकी स्थापना के पीछे केवल शैक्षणिक कारण नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पुनर्जागरण की भावना भी सक्रिय थी। आज भी यह विद्यापीठ अपने मूल आदर्शों को संभालते हुए उच्च शिक्षा, शोध, नवाचार और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की स्थापना 10 फरवरी 1921 को डॉ. भगवान दास, शिवप्रसाद गुप्त और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के प्रयासों से हुई थी। इसके स्थापना समारोह में स्वयं महात्मा गांधी उपस्थित रहे थे और उन्होंने इसे भारतीय आत्मनिर्भरता की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल बताया था। इस संस्थान का मूल उद्देश्य था – विदेशी शासकों द्वारा संचालित शिक्षा व्यवस्था का विकल्प प्रस्तुत करना और राष्ट्रवादी चेतना से ओत-प्रोत विद्यार्थियों को तैयार करना। "स्वदेशी शिक्षा" के आदर्श को साकार करने के लिए विद्यापीठ ने एक स्वतंत्र पाठ्यक्रम और मूल्य आधारित शिक्षा प्रणाली विकसित की। यहाँ के छात्र ब्रिटिश विश्वविद्यालयों की डिग्रियों के स्थान पर "विद्यावाचस्पति", "विद्याभास्कर", "शास्त्री" आदि उपाधियाँ ग्रहण करते थे।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की पहचान केवल एक शैक्षणिक संस्था के रूप में नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के एक सक्रिय केंद्र के रूप में भी रही है। विद्यापीठ के छात्रों और शिक्षकों ने असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। यहाँ से शिक्षा ग्रहण करने वाले अनेक विद्यार्थियों ने बाद में स्वतंत्रता संग्राम में महत्त्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाईं। आचार्य नरेन्द्र देव, लाल बहादुर शास्त्री, चंद्रशेखर आज़ाद जैसे महान व्यक्तित्व इससे जुड़े रहे। विद्यापीठ का हर विद्यार्थी अपने आपको 'राष्ट्रधर्म' के प्रति समर्पित मानता था। ब्रिटिश सरकार ने इस संस्था की गतिविधियों को 'राजद्रोहात्मक' मानते हुए कई बार इसके संचालन में बाधा डाली, किन्तु इसके संस्थापकों और संचालकों ने हार नहीं मानी और इसे अनवरत आगे बढ़ाया।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्रदान की गई और इसे 1974 में राज्य विश्वविद्यालय का दर्जा मिला। इसके बाद विद्यापीठ ने आधुनिक शिक्षा के

विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की। आज विद्यापीठ में मानविकी, समाजशास्त्र, पत्रकारिता, विधि, वाणिज्य, विज्ञान, प्रबंधन, शिक्षा, कृषि, कंप्यूटर विज्ञान, चिकित्सा जैसे विभिन्न संकाय सक्रिय हैं। विश्वविद्यालय ने अकादमिक ढाँचे का विस्तार करते हुए विभिन्न संकायों और विभागों की स्थापना की। साथ ही, स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध कार्यक्रमों को प्रारंभ कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत की। शिक्षा के साथ-साथ अनुसंधान को भी विशेष प्राथमिकता दी गई। विद्यार्थियों को समाजोपयोगी विषयों पर शोध एवं नवाचार हेतु प्रेरित किया गया, जिससे विश्वविद्यालय की शोध संस्कृति विकसित हुई।

समय के साथ महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने अपने परिसरों और अधीनस्थ महाविद्यालयों का भी विस्तार किया। वाराणसी मुख्यालय के अतिरिक्त प्रदेश के विभिन्न जिलों में इसके महाविद्यालय संबद्ध हैं। विश्वविद्यालय ने डिजिटल शिक्षा, ई-लाइब्रेरी और आधुनिक प्रयोगशालाओं जैसी सुविधाओं के विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया, जिससे इसकी गुणवत्ता में निरंतर सुधार हुआ।

आज विद्यापीठ में लाखों छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत हैं, और यह उत्तर भारत के प्रमुख राज्य विश्वविद्यालयों में गिना जाता है। शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा यह बौद्धिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। वर्तमान में इस विश्वविद्यालय के कुलपति सुप्रसिद्ध शिक्षाविद्, वैज्ञानिक एवं प्रशासक प्रो. आनंद कुमार त्यागी के नेतृत्त्व में नित नई उपलब्धियाँ हासिल कर रहा है।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने अपने विकास के हर चरण में गांधीवादी मूल्यों — सत्य, अहिंसा, स्वदेशी और सेवा — को आधार बनाकर आगे बढ़ने का प्रयास किया है। आज भी यह विश्वविद्यालय इन्हीं आदर्शों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में नवीन उपलब्धियाँ प्राप्त कर रहा है और भारतीय युवाओं को ज्ञान, चरित्र और सामाजिक उत्तरदायित्व से युक्त नागरिक बनाने के अपने मिशन में संलग्न है।

विद्यापीठ पर प्रसार भारती, वाराणसी की विशेष पेशकश :

“वैभवपूर्ण विरासत : काशी विद्यापीठ”

शोध, परिकल्पना एवं स्वर – **प्रो. निरंजन सहाय**

https://youtu.be/ZazFLCCR0zY?si=uCP1yo4y3HpkkaBg

प्रस्तावना

"पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय" कार्यक्रम राज्य सरकार की उच्च शिक्षा को सुदृढ़, समावेशी तथा गुणवत्तापरक बनाने की महत्त्वाकांक्षी पहल है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षण संस्थानों को अध्ययन, अध्यापन, अनुसंधान एवं नवाचार के उत्कृष्ट केंद्रों के रूप में विकसित करना है, जिससे वे ज्ञान आधारित समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध हो सकें। इसमें विद्यार्थियों में अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के गुणों को भी जाग्रत करने का सतत प्रयास किया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य शिक्षण संस्थानों को न केवल अध्ययन और अध्यापन के केंद्र के रूप में विकसित करना है, बल्कि उन्हें नवाचार, अनुसंधान और सामाजिक पुनर्निर्माण का भी सशक्त मंच बनाना है। आज के बदलते वैश्विक परिदृश्य में विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की भूमिका केवल ज्ञान के प्रसार तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वे राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्थान, सांस्कृतिक संरक्षण और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी भूमिका निभाने के केंद्र बन चुके हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से एक ऐसा वातावरण तैयार किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थी अपनी अकादमिक क्षमताओं का अधिकतम विकास करते हुए व्यक्तित्व, चरित्र और सामाजिक चेतना से भी समृद्ध हो सकें। अध्ययन और अध्यापन की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, अनुसंधान संस्कृति का सशक्तीकरण, नवाचार को बढ़ावा देना और उच्च शिक्षा में समावेशिता सुनिश्चित करना इस पहल के प्रमुख लक्ष्य हैं।

यह कार्यक्रम विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में एक नई ऊर्जा और सक्रियता का संचार करता है। "पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय" पहल का आशय केवल कक्षाओं में औपचारिक अध्ययन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका व्यापक फलक छात्रों में जिज्ञासा, विश्लेषण क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी के भाव को विकसित करना है। वहीं "बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय" का ध्येय संस्थानों के संपूर्ण विकास को सुनिश्चित करना है— जिसमें अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण, डिजिटल सक्षमता, शोध सुविधाओं का विस्तार, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का विकास और विद्यार्थियों के लिए बहुआयामी अवसरों का सृजन शामिल है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ज्ञानार्जन को जीवनोपयोगी बनाने, शिक्षा को रोजगार से जोड़ने तथा वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, नैतिक मूल्यों, राष्ट्रभक्ति और मानवतावाद को शिक्षा की मूल आत्मा के रूप में पुनर्स्थापित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत "पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय" पहल के माध्यम से अध्ययनशील वातावरण का सृजन तथा "बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय" पहल द्वारा अधोसंरचना, तकनीकी संसाधनों एवं अकादमिक नवाचारों का विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे शिक्षा को रोजगारोन्मुखी, शोधोन्मुखी एवं जीवनोपयोगी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। शिक्षा को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने हेतु पाठ्यक्रमों का अद्यतन, डिजिटल संसाधनों का सुदृढ़ीकरण तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विविध गतिविधियाँ संचालित की गई हैं।

प्रस्तुत पुस्तिका''पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय'' कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन, विभिन्न गतिविधियों, नवाचारों एवं उपलब्धियों का सुव्यवस्थित संकलन है। यह दस्तावेज़ न केवल वर्तमान प्रयासों का साक्ष्य है, अपितु भावी पीढ़ियों के लिए दिशा-निर्देशक एवं प्रेरणा-स्रोत भी सिद्ध होगा। हम विश्वास करते हैं कि इस अभियान से जुड़े समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की सामूहिक प्रतिबद्धता से उच्च शिक्षा क्षेत्र में नवोन्मेष, गुणवत्ता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के नए प्रतिमान स्थापित होंगे, जो देश को 'ज्ञान-आधारित सशक्त राष्ट्र' बनाने के मार्ग में एक महत्वपूर्ण योगदान देंगे। आज जब भारत वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति सशक्त रूप से दर्ज करा रहा है, तब शिक्षा क्षेत्र में इस तरह के व्यापक और दूरदर्शी कार्यक्रम अनिवार्य हो जाते हैं। ''पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय'' जैसे प्रयासों के माध्यम से हम न केवल ज्ञान का विस्तार कर रहे हैं, बल्कि एक समर्थ, समावेशी, नवोन्मेषी और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में भी अग्रसर हैं। यही इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी उपलब्धि और प्रेरणा है।

कार्यक्रम का उद्देश्य

"पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय" कार्यक्रम उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का प्रयास करता है, बल्कि यह विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को समग्र रूप से सशक्त बनाने की दिशा में भी अग्रसर है। यह कार्यक्रम न केवल पाठ्यक्रम और अध्यापन पद्धतियों में सुधार करने का उद्देश्य रखता है, बल्कि यह शिक्षा की संस्कृति को भी सुदृढ़ करने का काम करता है। पढ़ाई की संस्कृति का विकास, यह सुनिश्चित करता है कि विद्यार्थी न केवल अकादमिक दृष्टि से उत्कृष्ट हों, बल्कि वे समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को भी समझें।

पढ़ने की संस्कृति केवल किताबों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह एक मानसिकता और जीवन जीने का तरीका बन जाती है। यह संस्कृति विद्यार्थियों को केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि उनके सामाजिक और व्यक्तिगत विकास में भी सहायता करती है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य सिर्फ़ सूचनाओं का संचय नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो मनुष्य के मानसिक, नैतिक और बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करती है। जब पढ़ने की संस्कृति का प्रसार होता है, तो यह एक विचारशील और जिम्मेदार नागरिक तैयार करता है, जो अपने समाज और देश के प्रति जागरूक और संवेदनशील होता है। इसके अलावा, पढ़ाई से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सृजनात्मकता का विकास होता है, जो उन्हें भविष्य में किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार करता है।

यह पहल विद्यार्थियों को न केवल बेहतर शिक्षा प्रदान करती है, बल्कि उन्हें नौकरी के लिए तैयार करने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य करती है। इस कार्यक्रम का प्रभाव समाज में एक सशक्त और समृद्ध नागरिक वर्ग तैयार करने में देखने को मिलेगा, जो देश के विकास में अपना योगदान देने में सक्षम होगा।

कार्यक्रम रिपोर्ट

"पढ़े विश्वविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय" तथा "दहेज़ मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत" अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण का भव्य आयोजन

मा. राज्यपाल एवं कुलाधिपति से प्राप्त पत्र 1312/32/जी.एस./2025 दिनांक 28 फरवरी 2025 के अनुपालन में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में "पढ़े विश्वविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय" कार्यक्रम का आयोजन माननीय कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी के नेतृत्व में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना था। माननीय कुलपति ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि यह अभियान केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें संपूर्ण विश्वविद्यालय के विकास की परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि "पढ़े विश्वविद्यालय" का अर्थ है शैक्षणिक वातावरण को अधिक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनाना, वहीं "बढ़े विश्वविद्यालय" का आशय भौतिक और शैक्षणिक संसाधनों के विस्तार से है। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्वाह्न 11 बजे से हुआ और कुलपति के नेतृत्त्व में विद्यार्थियों/शोधार्थियों/कर्मचारियों/ अधिकारियों द्वारा पुस्तक पढ़ने से हुई। इस दौरान कार्यक्रम समन्वयक प्रो. निरंजन सहाय, कुलसचिव श्रीमती दीप्ति मिश्रा, कुलानुशासक प्रो. के. के. सिंह, जनसंपर्क अधिकारी प्रो. नागेन्द्र कुमार सिंह, प्रो. संतोष गुप्ता, डॉ. नवरत्न, प्रो. सुमन ओझा, उप-कुलसचिव हरिश्चंद, आनंद कुमार मौर्या, सौरभ, वरुणा देवी सहित अन्य शिक्षक/शिक्षिकाओं/ छात्र/छात्राएँ/ प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें। साथ ही इस कार्यक्रम का आयोजन संकाय/विभाग/महाविद्यालय स्तर पर भी विभिन्न स्थलों पर आयोजित की गई।

इस कार्यक्रम के उपरांत विश्वविद्यालय स्थित दीक्षांत मंडपम में दहेज़ मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी, शिक्षकों, विद्यार्थियों और प्रशासनिक अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नशा और दहेज जैसी कुरीतियों के प्रति जागरुकता फैलाना और इन्हें समाप्त करने के लिए सामूहिक संकल्प लेना था। माननीय कुलपति ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि नशा और दहेज जैसी सामाजिक बुराइयों का उन्मूलन तभी संभव है जब युवा पीढ़ी इसे गंभीरता से ले और संकल्पित होकर कार्य करे। उन्होंने कहा, **"हमारी शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज सुधार में सक्रिय भूमिका निभाना भी है।"**

शपथ ग्रहण समारोह में सर्वप्रथम **"दहेज मुक्त भारत"** के लिए शपथ दिलाई गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे न तो दहेज लेंगे और न ही देंगे तथा इस कुप्रथा के खिलाफ आवाज उठाएंगे। इसके बाद **"नशा मुक्त भारत"** के लिए शपथ दिलाई गई। उपस्थित सभी लोगों ने हाथ उठाकर यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। शपथ के दौरान माननीय कुलपति ने कहा कि **"नशा एक ऐसी बुराई है जो न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार और समाज को कमजोर**

बनाती है। हमें इसे जड़ से खत्म करना होगा।" इस दौरान मंच पर प्रो. आनंद कुमार त्यागी, प्रो. निरंजन सहाय, प्रो. के. के. सिंह, प्रो. राजेश मिश्रा, श्रीमती दीप्ती मिश्रा, हरिश्चंद, आनंद कुमार मौर्या आदि मौजूद रहे। इसी तरह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में भी इसी समय उक्त वर्णित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों की कुछ झलकियाँ

MAHATMA GANDHI KASHI VIDYAPITH, VARANASI
पढ़े विश्वविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय
GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
8xfr+4fj, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221002, भारत
Lat 25.322606° Long 82.990952°
07/03/2025 11:33 AM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
8xfr+4fj, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221002, भारत
Lat 25.322738° Long 82.990994°
07/03/2025 11:33 AM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
8xfr+4fj, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221002, भारत
Lat 25.322734° Long 82.990998°
07/03/2025 11:33 AM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
8xfr+4fj, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221002, भारत
Lat 25.322639° Long 82.991051°
07/03/2025 11:32 AM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
8xfr+4fj, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221002, भारत
Lat 25.32265° Long 82.991076°
07/03/2025 11:32 AM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
8xfr+4fj, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221002, भारत
Lat 25.322487° Long 82.990999°
07/03/2025 11:29 AM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
8xfr+4fj, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221002, भारत
Lat 25.32248° Long 82.99099°
07/03/2025 11:29 AM GMT +05:30
Google

पढ़े विश्वविद्यालय बढ़े विश्वविद्यालय

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
C19/110, मलदहिया मार्ग, जगतगंज, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221001, भारत
Lat 25.319579° Long 82.989106°
07/03/2025 12:27 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
Kv-a-12, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221001, भारत
Lat 25.319468° Long 82.989118°
07/03/2025 12:25 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
Kva17, मलदहिया मार्ग, जगतगंज, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221001, भारत
Lat 25.319446° Long 82.989323°
07/03/2025 12:25 PM GMT +05:30
Google

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी
MAHATMA GANDHI KASHI VIDYAPITH, VARANASI
GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
C-19/289, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221010, भारत
Lat 25.319549° Long 82.989384°
07/03/2025 12:26 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
Kv-a-12, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221001, भारत
Lat 25.319532° Long 82.989223°
07/03/2025 12:26 PM GMT +05:30
Google

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी
MAHATMA GANDHI KASHI VIDYAPITH, VARANASI
GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
Kva17, मलदहिया मार्ग, जगतगंज, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221001, भारत
Lat 25.319509° Long 82.98933°
07/03/2025 12:26 PM GMT +05:30
Google

MAHATMA GANDHI KASHI VIDYAPITH, VARANASI
GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
C-19/289, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221010, भारत
Lat 25.319566° Long 82.98939°
07/03/2025 12:28 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
C-19/289, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221010, भारत
Lat 25.319556° Long 82.989389°
07/03/2025 12:26 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
C-19/289, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221010, भारत
Lat 25.319584° Long 82.98945°
07/03/2025 12:28 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
C-19/289, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221010, भारत
Lat 25.319555° Long 82.989388°
07/03/2025 12:26 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
C-19/289, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221010, भारत
Lat 25.319556° Long 82.989389°
07/03/2025 12:27 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
C-19/289, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221010, भारत
Lat 25.319587° Long 82.989433°
07/03/2025 12:28 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
C19/110, मलदहिया मार्ग, जगतगंज, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221001, भारत
Lat 25.319577° Long 82.989105°
07/03/2025 12:27 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
C19/110, मलदहिया मार्ग, जगतगंज, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221001, भारत
Lat 25.319584° Long 82.989108°
07/03/2025 12:27 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
C-19/289, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221010, भारत
Lat 25.319593° Long 82.98943°
07/03/2025 12:28 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
C-19/289, काशी विद्यापीठ, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221010, भारत
Lat 25.319602° Long 82.989427°
07/03/2025 12:28 PM GMT +05:30
Google

जब मैंने पहली निजी पुस्तक ख़रीदी

डॉ. धर्मवीर भारती

अगस्त १९८९, बचने की उम्मीद नहीं थी। तीन-तीन ज़बर्दस्त हार्ट अटैक, एक के बाद एक। एक तो ऐसा कि नब्ज़ बन्द, सांस बन्द, धड़कन बंद। डाक्टरों ने घोषित कर दिया कि अब प्राण नहीं रहे। पर डॉ. बोर्जेस ने फिर भी हिम्मत नहीं हारी थीं। उन्होंने १०० वाल्ट्स के शाक्स दिए, भयानक प्रयोग। लेकिन वे बोले कि यदि यह मृत शरीर मात्र है तो दर्द महसूस ही नहीं होगा,पर यदि कहीं भी जरा भी एक कण प्राण शेष होंगे तो हार्ट रिवाइव कर सकता है।

प्राण तो लौटे पर इस प्रयोग में ६० प्रतिशत हार्ट सदा के लिए नष्ट हो गया। केवल ४० प्रतिशत बचा। उसमें भी तीन अवरोध हैं। ओपेन हार्ट ऑपरेशन तो करना ही होगा। पर सर्जन हिचक रहे हैं। केवल ४० प्रतिशत हार्ट है। ऑपरेशन के बाद न रिवाइव हुआ तो? तय हुआ कि अन्य विशेषज्ञों की राय ले ली जाय तब कुछ दिन बाद ऑपरेशन की सोचेंगे। तब तक घर जाकर बिना हिले-डुले विश्राम करें।

बहरहाल, ऐसी अर्द्धमृत्यु की हालत में वापस घर लाया जाता हूँ। मेरी ज़िद है कि बेडरूम में नहीं, मुझे अपने किताबों वाले कमरे में ही रक्खा जाए। वहीं लिटा दिया गया है मुझे। चलना, बोलना पढ़ना मना। दिन भर पड़े-पड़े दो ही चीज़े देखता रहता हूँ। बायीं ओर की खिड़की के सामने रह-रह कर हवा के झूलते सुपारी के पेड़ के झालदार पत्ते, और अन्दर कमरे में चारों ओर फ़र्श से लेकर छत तक ऊँची, किताबों से ठसाठस भरी आलमारियाँ। बचपन में परीकथाओं में जैसे पढ़ते थे कि राजा के प्राण उसके शरीर में नहीं तोते में रहते हैं, वैसे ही लगता था कि मेरे प्राण इस शरीर से तो निकल चुके हैं, वे प्राण इन हज़ारों किताबों में बसे हैं जो पिछले चालीस-पचास बरस में धीरे-धीरे मेरे पास जमा होती गई हैं।

कैसे जमा हुई, संकलन की शुरुआत कैसे हुई, यह कथा बाद में सुनाऊँगा। पहले तो यह बताना ज़रूरी है किताबें पढ़ने और सहेजने का शौक कैसे जागा। बचपन की बात है। उस समय आर्यसमाज का सुधारवादी आन्दोलन अपने पूरे ज़ोर पर था। मेरे पिता आर्यसमाज रानीमण्डी के प्रधान थे और माँ ने स्त्री शिक्षा के लिए आदर्श कन्या पाठशाला की स्थापना की थी।

पिता की अच्छी-ख़ासी सरकारी नौकरी थी, वर्मा रोड जब बन रही थी तब बहुत कमाया था उन्होंने। लेकिन मेरे जन्म के पहले ही गांधी जी के आह्वान पर उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़ दी थी। हम लोग बड़े

आर्थिक कष्टों से गुज़र रहे थे फिर भी घर में नियमित पत्र-पत्रिकाएँ आती थीं 'आर्यमित्र' साप्ताहिक, 'वेदोदय', 'सरस्वती', 'गृहिणी' और दो बाल पत्रिकाएँ ख़ास मेरे लिए- 'बालसखा' और 'चमचम'। उनमें होती थीं परियों, राजकुमारों, दानवों और सुन्दरी राजकन्याओं की कहानियाँ और रेखाचित्र। मुझे पढ़ने की चाट लग गई। हर समय पढ़ता रहता। खान खाते समय थाली के पास पत्रिकाएँ रख कर पढ़ता। अपनी दोनों पत्रिकाओं के अलावा भी 'सरस्वती' और 'आर्यमित्र' पढ़ने की कोशिश करता।

घर में पुस्तकें भी थीं। उपनिषदें और उनके हिन्दी अनुवाद। सत्यार्थ प्रकाश। 'सत्यार्थ प्रकाश' के खण्डन-मण्डन वाले अध्याय पूरी तरह समझ में नहीं आता था पर पढ़ने में मज़ा आता था। मेरी प्रिय पुस्तक थी स्वामी दयानन्द की एक जीवनी, रोचक शैली में लिखी हुई, अनेक चित्रों से सुसज्जित। वे तत्कालीन पाखण्डों के विरुद्ध अदम्य साहस दिखाने वाले अद्भुत व्यक्तित्व थे। कितनी ही रोमांचक घटनाएँ थीं उनके जीवन की जो मुझे बहुत प्रभावित करती थीं। चूहे को भगवान का मीठा खाते देख कर मान लेना कि प्रतिमाएँ भगवान नहीं होती, घर छोड़कर भाग जाना। तमाम तीर्थों, जंगलों, गुफ़ाओं, हिम शिखरों पर साधुओं के बीच घूमना और हर जगह इसकी तलाश करना कि भगवान क्या है? सत्य क्या है? जो भी समाज विरोधी, मनुष्य विरोधी मूल्य हैं, रूढ़ियाँ हैं उनका खण्डन करना और अन्त में अपने हत्यारे को क्षमा कर उसे सहारा देना। यह सब मेरे बालमन को बहुत रोमांचित करता। जब इस सबसे थक जाता तब फिर 'बलसखा' और 'चमचम' की पहले पढ़ी हुई कथाएँ दुबारा पढ़ता।

माँ स्कूली पढ़ाई पर ज़ोर देतीं। चिंतित रहतीं कि लड़का कक्षा की किताबें नहीं पढ़ता। पास कैसे होगा। कहीं खुद साधु बन कर फिर से भाग गया तो? पिता कहते जीवन में यही पढ़ाई काम आएगी पढ़ने दो। मैं स्कूल नहीं भेजा गया था, शुरू की पढ़ाई के लिए घर पर मास्टर रक्खे गए थे। पिता नहीं चाहते थे कि नासमझ उम्र में मैं गलत संगति में पड़ कर गाली गलौज सीखूँ, बुरे संस्कार ग्रहण करूँ।

अत: स्कूल में मेरा नाम लिखाया गया जब मैं कक्षा दो तक की पढ़ाई घर पर कर चुका था। तीसरे दर्ज़े में भर्ती हुआ। उस दिन शाम को पिता उँगली पकड़ कर मुझे घुमाने ले गए। लोकनाथ की एक दुकान से ताज़ा अनार का शर्बत मिट्टी के कुल्हड़ में पिलाया और सर पर हाथ रख कर बोले- 'वायदा करो कि पाठयक्रम की किताबें भी इतने ही ध्यान से पढ़ोगे, माँ की चिंता मिटाओगे। 'उनका आशीर्वाद था या मेरा जी तोड़ परिश्रम कि तीसरे, चौथे में मेरे अच्छे नम्बर आए और पाँचवे दर्जे में तो मैं फर्स्ट आया।

माँ ने आँसू भर कर गले लगा लिया, पिता मुस्कुराते रहे कुछ बोले नहीं। चूँकि अंग्रेज़ी में मेरे नम्बर सबसे ज़्यादा थे अत: स्कूल से इनाम में दो अंग्रेज़ी किताबें मिली थीं। एक में दो छोटे बच्चे घोंसलों की खोज में बागों और कुंजों में भटकते हैं और इस बहाने पक्षियों की जातियाँ, उनकी बोलियाँ, उनकी आदतों की जानकारी उन्हें मिलती हैं। दूसरी किताब थी 'ट्रस्टी द रग' जिसमें पानी के जहाज़ों की कथाएँ थी, कितने प्रकार के होते हैं। कौन-कौन-सा माल लाद कर लाते हैं, कहाँ से लाते हैं, कहाँ ले जाते हैं, नाविकों की ज़िन्दगी कैसी होती हैं, कैसे कैसे जीव मिलते हैं, कहाँ व्हेल होती है, कहाँ शार्क होती है।

इन दो किताबों ने एक नई दुनिया का द्वार मेरे लिए खोल दिया। पक्षियों से भरा आकाश, और रहस्यों से भरा समुद्र। पिता ने आलमारी के एक खाने में अपनी चीज़ें हटा कर जगह बनाई और मेरी दोनों किताबें उस खाने में रख कर कहा, 'आज से यह खाना तुम्हारी अपनी किताबों का। यह तुम्हारी अपनी लाइब्रेरी है।' यहाँ से आरम्भ हुई उस बच्चे की लाइब्रेरी। बच्चा किशोर हुआ, स्कूल से कालेज, कालेज से युनिवर्सिटी गया, डाक्टरेट हासिल की, युनिवर्सिटी में अध्यापन किया, अध्यापन छोड़ कर इलाहाबाद से बम्बई आया, सम्पादन किया उसी अनुपात में अपनी लाइब्रेरी का विस्तार करता गया।

